## एक नजर में

### भार्गव समाज ने मनाई महर्षि भृगु जयंती

**मुलताई।** महर्षि भृगु जयंती के पावन अवसर पर मुलताई में शुक्रवार को मुलताई भार्गव सभा द्वारा मां ताप्ती तट पर भव्य और भक्तिमय आयोजन किया गया। सत्यनारायण मंदिर परिसर में सामाजिक बंधुओं ने एकत्रित होकर आस्था के साथ पूजन किया। इस अवसर पर पंडित जी द्वारा पूरे विधि-विधान और वैदिक मंत्रोच्चार के साथ महर्षि भृगु की पूजा-अर्चना संपन्न कराई गई। इस धार्मिक अनुष्ठान में समाज के सदस्य भारी संख्या में उपस्थित रहे और महर्षि का आशीर्वाद प्राप्त किया। इस अवसर पर मुलताई भार्गव सभा की ओर से समाज संगम नामक एक विशेष कार्यक्रम का भी सफल आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य समाज की आधारशिला को मजबूत करना और आपसी मेलजोल को मजबूत करना तथा सामाजिक समरसता को बढ़ावा देना था। समाज संगम के इस सार्थक प्रयास के माध्यम से सभी उपस्थित सदस्यों ने एकजुट होकर अपने संगठन और परिवार को और अधिक सशक्त बनाने का संकल्प लिया।

### 100 दिवसीय निशुल्क योग प्रशिक्षण शुरू

**बैतूल।** अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस 2026 के उपलक्ष्य में ओम आयुर्वेदिक मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल भारत भारती, जामठी द्वारा 100 दिवसीय निशुल्क योग प्रशिक्षण अभियान चलाया जा रहा है। यह आयोजन आयुष मंत्रालय भारत सरकार एवं संचालनालय आयुष विभाग मध्यप्रदेश के निर्देशानुसार किया जा रहा है। महाविद्यालय के अध्यक्ष गणेश मालवीय, कोषाध्यक्ष संतोष पाल एवं प्राचार्य डॉ. विजय माने के मार्गदर्शन में प्रशिक्षण की रूपरेखा तैयार की गई है। इसके तहत महाविद्यालय के चिकित्सक एवं शिक्षक दल द्वारा जामठी सहित भारत भारती बौद्ध विहार में नियमित योग प्रशिक्षण दिया जा रहा है। इस अभियान में डॉ. संदीप पाल, डॉ. नरेन्द्र नरवरे, डॉ. अनन्त वर्मा, डॉ. सुमेध मेश्राम, डॉ. शशिभूषण साहू, डॉ. दीपक चौधरी, डॉ. चेतना सेलोकर, डॉ. निलम धोटे, डॉ. पपीहा त्रिपत्तिवार, डॉ. स्नेहलता भोई, डॉ. धमेन्द्र घिडोडे, डॉ. डॉली झाडे, डॉ. हिमांशु मालवीय, डॉ. अजय तितिरे सहित इंटर्न एवं विद्यार्थी सक्रिय रूप से भाग ले रहे हैं। साथ ही जिले के स्कूलों, चौपालों, पंचायत भवनों एवं अन्य स्थानों पर भी योग अभ्यास कराया जा रहा है, ताकि अधिक से अधिक लोग योग के माध्यम से स्वास्थ्य लाभ ले सकें। यह योग प्रशिक्षण शिविर 21 जून 2026 तक बैतूल के विभिन्न स्थानों पर निरंतर संचालित किया जाएगा।

### मनाया सुधांशु महाराज का जन्मोत्सव

**बैतूल।** 2 मई को सुधांशु जी महाराज का जन्म दिवस श्रद्धा और सेवा भाव के साथ मनाया गया। विश्वकर्मा मंदिर में आयोजित कार्यक्रम में सुबह हवन-पूजन किया गया, जिसमें उपस्थित शिष्यों ने गुरुजी के स्वास्थ्य और दीर्घायु की कामना की। इसके बाद भजन गायकों ने गुरुभक्ति से जुड़े भजनों की प्रस्तुति दी, जिससे माहौल भक्तिमय बना रहा। कार्यक्रम के अंत में गुरु आरती कर प्रसाद वितरित किया गया। आयोजन से जुड़े सेवा कार्यों की शुरुआत सुबह जिला चिकित्सालय से हुई, जहां मरीजों को अंकुरित आहार वितरित किया गया। वहीं भोजनशाला में मरीजों के परिजनों के लिए भोजन की व्यवस्था भी की गई।

# बैतूल में बनेगा सर्वसुविधायुक्त क्रिकेट स्टेडियम, जल्द शुरू होगा निर्माण

**नवभारत न्यूज**

**बैतूल, 2 मई. कोठीबाजार स्थित उत्कृष्ट स्कूल खेल मैदान के पीछे करीब साढ़े 4 करोड़ की लागत से क्रिकेट स्टेडियम का निर्माण किया जायेगा। इसे लेकर टेंडर प्रक्रिया पूरी हो चुकी है।**

**हो सकेंगे बड़े क्रिकेट मुकाबले**

**एक हजार दर्शकों के बैठने की रहेगी क्षमता**

ठेकेदार को वर्कआर्डर भी जारी किये जा चुके है। जल्द ही भूमिपूजन के बाद काम शुरू करने की तैयारी की जा रही है। विगत दिनों नपा सीएमओ नवनीत पाण्डेय ने उत्कृष्ट मैदान के पीछे प्रस्तावित स्टेडियम स्थल का निरीक्षण किया था। बताया जा रहा है कि



जनप्रतिनिधियों से समय मिलते ही स्टेडियम निर्माण का भूमिपूजन किया जायेगा। दरअसल भाजपा प्रदेश अध्यक्ष एवं बैतूल विधायक हेमंत खंडेलवाल के विशेष प्रयासों से जिला मुख्यालय बैतूल में मुख्यमंत्री विशेष निधि से लगभग 5 करोड रुपए की लागत से राष्ट्रीय स्तर के क्रिकेट स्टेडियम एवं 100 रनिंग मीटर के पांच लेन वाला सिंथेटिक एथलेटिक ट्रैक स्वीकृत हुआ है। स्टेडियम निर्माण के बाद बैतूल जिले की खेल प्रतिभाओं को जिला मुख्यालय पर ही राष्ट्रीय स्तर की क्रिकेट एवं एथलेटिक खेलों के प्रशिक्षण की सुविधा मिलने के साथ ही बैतूल में राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिता का आयोजन भी होगा। उल्लेखनीय है कि आदिवासी बाहुल्य बैतूल जिले की खेल प्रतिभाओं को राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय स्तर तक पहुंचाने के लिए भाजपा प्रदेश अध्यक्ष, बैतूल विधायक हेमंत खंडेलवाल द्वारा बैतूल में राष्ट्रीय-अंतरराष्ट्रीय स्तर के स्पोर्ट्स कांप्लेक्स के लिए विस्तृत कार्य योजना बनाई है। इसके पहले चरण में राष्ट्रीय स्तर के क्रिकेट स्टेडियम एवं सिंथेटिक एथलेटिक ट्रैक का निर्माण होगा। स्टेडियम के निर्माण से क्रिकेट खिलाडि?ीं को काफी सुविधा मिलेगी और वे खेल अभ्यास के साथ-साथ बड़े आयोजन भी आयोजित कर पायेगे।

**पुलिस ग्राउंड में बनेंगे पांच सिंथेटिक एथलेटिक ट्रैक :** जिले के छात्र-छात्राओं द्वारा आर्मी, पुलिस, फॉरेस्ट सहित अन्य विभागों में चयन के लिए की जाने वाली शारीरिक दक्षता परीक्षा की तैयारी को सुविधाजनक बनाने के लिए पुलिस परेड ग्राउंड बैतूल में लगभग 40 लाख की लागत से 100-100 मीटर लंबाई के 5 लेन सिंथेटिक एथलेटिक ट्रैक का निर्माण किया जाएगा। राष्ट्रीय गुणवत्ता मानक के इस ट्रैक पर रनिंग कर छात्र-छात्राएं शारीरिक दक्षता परीक्षा की तैयारी कर सकेंगे। साथ ही एथलेटिक्स, रनिंग के खिलाडियों को बैतूल में ही राष्ट्रीय स्तर की सुविधा मिलेगी।

> स्टेडियम को लेकर टेंडर और वर्कआर्डर जारी किये जा चुके है। जल्द ही निर्माण भी शुरू कराया जायेगा। स्टेडियम निर्माण को लेकर विगत दिनों उत्कृष्ट स्कूल के पीछे प्रस्तावित स्टेडियम स्थल का निरीक्षण किया गया है।
>
> **नवनीत पांडे, सीएमओ, नगरपालिका बैतूल**

### 2.63 एकड़ में बनेगा स्टेडियम

एस्टो टर्फ खेल मैदान के बाजू में उत्कृष्ट विद्यालय बैतूल की भूमि पर लगभग साढ़े चार करोड़ रुपए की लागत से राष्ट्रीय मापदंडों के स्तर के सर्व सुविधायुक्त क्रिकेट स्टेडियम का निर्माण किया जाएगा। प्रस्तावित स्टेडियम लगभग 2.63 एकड़ में बनेगा। स्टेडियम में पिच से 51 मीटर बाउंड्रीवाल की दूरी निर्धारित की गई है। जबकि राष्ट्रीय स्तर पर यह दूरी 59 मीटर होती है। इस स्टेडियम की लगभग 1000 दर्शकों के बैठने की क्षमता रहेगी। इसके अलावा स्टेडियम में प्रशासनिक सह पेवेलियन भवन, बाउंड्रीवॉल, फेंसिंग रिटेनिंग वॉल, कल्वर्ट, एंट्री गेट, आरसीसी ड्रेनेज, शौचालय, रेस्ट रूम, आरसीसी रोड, पार्किंग एरिया, क्रिकेट फील्ड, इलेक्ट्रिफिकेशन, स्टेडियम सीटिंग चेयर सहित अन्य निर्माण कार्य एवं व्यवस्थाएं की जाएगी। जिससे स्थानीय स्तर पर बड़े क्रिकेट मुकाबलों के आयोजन की भी संभावना बढ़ेगी।

### बैतूल खेलों के हब के रूप में होगा विकसित

आदिवासी बाहुल्य बैतूल जिले में खेल प्रतिभाओं की कमी नहीं है। लेकिन खेल प्रतिभाएं प्रोत्साहन और सुविधाओं के अभाव में आगे नहीं बढ़ पा रही थी, लेकिन भाजपा प्रदेश अध्यक्ष एवं बैतूल विधायक के अथक प्रयासों से अब खिलाड़ियों को सुविधाएं एवं उचित मंच उपलब्ध होगा। इसके अलावा बैतूल में राष्ट्रीय-अंतरराष्ट्रीय स्तर के स्पोर्ट्स काम्प्लेक्स का निर्माण भी करवाया जा रहा है। स्पोर्ट्स काम्प्लेक्स में क्रिकेट, हॉकी, फुटबॉल वालीबॉल, बैडमिंटन, टेबल टेनिस, स्केटिंग, एथलेटिक्स सहित अन्य खेलों के लिए अत्याधुनिक खेल अधोसंरचना के कार्य करवाए जाएंगे। स्पोर्ट्स काम्प्लेक्स बनने के बाद जिले की खेल प्रतिभाओं को स्थानीय स्तर पर उत्कृष्ट खेल सुविधाएं मिलने के साथ ही राष्ट्रीय स्तर की खेल प्रतियोगिता का आयोजन किया जा सकेगा। जिससे बैतूल जिला राष्ट्रीय खेल मानचित्र पर भी उभरेगा।

## इंजन से उठा धुआं और खाक हो गया ट्रक, चालक-क्लीनर सुरक्षित

**बैतूल।** चिचोली के पास नेशनल हाईवे 47 गवासेन फोरलेन पर शुक्रवार रात करीब 4 बजे चलते ट्रक में भीषण आग लग गई। छिंदवाड़ा से मक्के का पाउडर (डीओसी) लेकर गुजरात जा रहे इस वाहन के इंजन में अचानक धुआं उठा और देखते ही देखते यह पूरी तरह जलकर नष्ट हो गया। हादसे में चालक और क्लीनर ने समय रहते बाहर निकलकर अपनी जान बचाई, जिससे कोई जनहानि नहीं हुई। सूचना पर पहुंची चिचोली नगर परिषद की फायर ब्रिगेड ने आग पर काबू पाया। फिलहाल पुलिस इंजन में तकनीकी खराबी की आशंका के आधार पर मामले



की जांच कर रही है। जानकारी के अनुसार, वाहन छिंदवाड़ा से मक्के का पाउडर लेकर बैतूल से इंदौर की दिशा में होते हुए गुजरात की ओर जा रहा था। रात करीब चार बजे गवासेन के पास चालक हनुमंता को अचानक इंजन से धुआं उठता दिखाई दिया। सतर्कता दिखाते हुए उसने तुरंत वाहन को सड़क किनारे रोका। लेकिन, इससे पहले कि वह कुछ समझ पाता, लपटों ने तेजी से पूरे वाहन को अपनी चपेट में ले लिया। देखते ही देखते लपटें इतनी फैल गईं कि अंदर भरा मक्के का पाउडर पूरी तरह जलकर नष्ट हो गया। घटना की सूचना मिलने पर चिचोली नगर परिषद की फायर ब्रिगेड मौके पर पहुंची और काफी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया, लेकिन तब तक पूरा सामान जल चुका था। फायर कर्मचारी विक्की बागड़े ने बताया कि समय रहते लपटों को फैलने से रोक लिया गया, जिससे आसपास कोई बड़ा नुकसान नहीं हुआ। हादसे में चालक और क्लीनर सुरक्षित बच गए हैं। चिचोली पुलिस मौके पर पहुंचकर मामले की जांच कर रही है। आग लगने के स्पष्ट कारणों का अभी पता नहीं चल पाया है, लेकिन प्रारंभिक जांच में इंजन में तकनीकी खराबी की आशंका जताई जा रही है।

## 8 वर्ष पुराने 4 प्रकरण में फरार आरोपी गिरफ्तार

**मुलताई।** न्यायालय मे विचाराधीन 8 वर्ष पुराने पृथक पृथक 4 प्रकरणो मे लम्बे समय से फरार चल रहे एक स्थायी वारण्टी को मुलताई पुलिस ने गिरफ्तार किया है।टीआई नरेंद्र सिंह परिहार ने बताया थाना मुलताई के ग्राम खल्ला निवासी आरोपी रामसू पिता शिवराज झारखण्डे उम्र 30 साल के खिलाफ न्यायालय से थाना मुलताई के 8 वर्ष पुराने पृथक पृथक 4 प्रकरणो मे स्थायी वारंट जारी कर तामीली हेतु प्राप्त हुए थे। उक्त आरोपी बहुत ही शातिर किस्म का होकर न्यायालय पेशी मे उपस्थित ना होकर पुलिस द्वारा वारंट तामीली हेतू आरोपी के घर पर जाने पर पुलिस के आने की



सूचना पाकर पुलिस को चख्मा देकर फरार हो जाता था । आरोपी चोरी एवं आर्म्स एक्ट के प्रकरणो मे बहुत लम्बे समय से फरार था जिसकी पुलिस द्वारा लम्बे समय से तलाश जारी थी।पुलिस द्वारा मुखबिर मुखबिर सूचना के आधार पर आरोपी रामसू पिता शिवराज झारखण्डे उम्र 30 साल को दुनावा बस स्टेण्ड के पास से घेराबंदी कर पकडा गया एवं विधिवत गिरफ्तार कर न्यायालय पेश किया गया।उक्त कार्यवाही में थाना प्रभारी नरेन्द्रसिंह परिहार, उनि नेपालसिंह, सउनि रणधीरसिंह की मुख्य भूमिका रही।

## फील्ड में जनगणना कार्यों की गुणवत्ता का किया निरीक्षण

**बैतूल।** जिले में जनगणना 2027 के प्रथम चरण अंतर्गत मकान सूचीकरण एवं मकानों की गणना का कार्य प्रारंभ हो चुका है। इसी क्रम में समस्त 21 चार्जों में प्रगणकों एवं पर्यवेक्षकों द्वारा हाउस लिस्टिंग ऑपरेशन के अंतर्गत फील्ड कार्य उत्साहपूर्वक एवं सक्रियता के साथ किया जा रहा है। चार्ज अधिकारियों के मार्गदर्शन में प्रगणकों एवं पर्यवेक्षकों द्वारा मकान सूचीकरण ब्लॉक की सीमाओं की स्थल पर पहचान की जा रही है। इसके साथ ही प्रगणकों द्वारा भवनों की पहचान एवं नंबरिंग करते हुए ड्राफ्ट ले-आउट मैप तैयार किया जा रहा है। साथ ही प्रगणकों एवं पर्यवेक्षकों द्वारा एचएलओ मोबाइल एप के सही संस्करण को डाउनलोड कर लॉग-इन करने के पश्चात हाउस लिस्टिंग ऑपरेशन एप पर प्रारंभिक प्रविष्टियां दर्ज की जा रही है। कलेक्टर एवं प्रमुख जनगणना अधिकारी डॉ. सौरभ संजय सोनवणे द्वारा जनगणना 2027 में कार्यों की गुणवत्ता डाटा की शुद्धता को सर्वोपरि रखा गया है। अपने सतत पर्यवेक्षण में उनके द्वारा जिला जनगणना अधिकारियों, चार्ज अधिकारियों को गुणवत्ता जांच के लिए स्वयं फील्ड में जाकर कार्यों को देखने और समझने तथा आवश्यकता पड़ने पर तत्काल समाधान करने के आदेश दिए गए हैं।

## भारत विकास परिषद ने की मां ताप्ती की महाआरती

**मुलताई।** पवित्र नगरी मुलताई मे बुद्ध पूर्णिमा पर शुक्रवार की रात 8 बजे से माँ ताप्ती की आरती भक्ति एवं आस्था के साथ उतारी गई। इस अवसर पर भारत विकास परिषद ईकाइ मुलताई ने माँ ताप्ती की महाआरती मे हिस्सा लिया। जिसमें बडी संख्या मे श्रद्धालुओं द्वारा मां ताप्ती की आरती उतरी। भारत विकास परिषद अध्यक्ष प्रशांत भार्गव ने बताया प्रत्येक पुर्णिमा पर सुर्यपुत्री माँ ताप्ती तीर्थ क्षेत्र न्यास द्वारा महाआरती का आयोजन किया जाता है जिसमें अलग अलग संगठनों द्वारा हिस्सा लेकर महाआरती की जाती है। इस बार बुद्ध पुर्णिमा के अवसर पर भारत विकास परिषद ईकाई



मुलताई द्वारा महाआरती का आयोजन किया गया । महाआरती में जनअभियान परिषद के प्रदेश उपाध्यक्ष एवं राज्य मंत्री दर्जा प्राप्त मोहन नागर ने भी हिस्सा लेकर माँ ताप्ती की आरती की गई । इस दौरान भारत विकास परिषद द्वारा उनके द्वारा पर्यावरण को अपना अमुल्य योगदान देने के लिए उनका सम्मान किया गया । इस दौरान हेमंत शर्मा, हनी भार्गव, थाना प्रभारी नरेन्द्र सिहं परिहार, भारत विकास परिषद अध्यक्ष प्रशांत भार्गव, भारत भूषण चौधरी, मुकेश जैन,राजीव जैन, संदीप भार्गव , राहुल भार्गव तथा डॉ राजेन्द्र ठाकुर सहित अन्य पदाधिकारी मौजूद रहे।

## प्रदेश स्तरीय बुद्ध पूर्णिमा व युवक युवती परिचय सम्मेलन आज

**बैतूल।** जिला मुख्यालय से सटे भारत भारती जामठी स्थित प्रज्ञा बुद्ध विहार में आज रविवार को प्रदेश स्तरीय बुद्ध पूर्णिमा कार्यक्रम एवं बौद्ध युवक-युवती परिचय सम्मेलन का आयोजन किया जा रहा है। कार्यक्रम सुबह 11 बजे से शुरू होगा, जिसमें प्रदेश के विभिन्न जिलों से बुद्ध अनुयायी एवं विवाह योग्य युवक-युवतियां शामिल हो रही हैं। आयोजक रामदास पाटिल ने बताया कि यह आयोजन प्रज्ञा बुद्ध विहार, बुद्धभूमि बैतूल और विभिन्न सामाजिक संगठनों के सहयोग से किया जा रहा है। सम्मेलन में भोपाल, जबलपुर, ग्वालियर, इंदौर, उज्जैन, इटारसी, होशंगाबाद, हरदा, खंडवा, छिंदवाड़ा, परासिया सहित बैतूल जिले के आमला, सारणी, चिचोली, मुलताई, भैंसदेही, शाहपुर और पट्टन क्षेत्रों से बड़ी संख्या में युवक-युवतियां भाग ले रहे हैं। कार्यक्रम के दौरान 200 से अधिक विवाह योग्य युवक-युवतियों के बायोडाटा से तैयार प्रज्ञा जीवन साथी स्मारिका का विमोचन मुख्य अतिथियों और समाज के वरिष्ठजनों के हाथों किया जाएगा। आयोजन समिति में बुद्धभूमि बैतूल के अध्यक्ष संदीप एच मानकर, संरक्षक हरिदास पाटिल, डॉ. सुखदेव डोंगरे, धनराव चंदेलकर और एन.के. मांडवे शामिल हैं।

## सूदखोरी का आरोपी गिरफ्तार,चेक जब्त

**पाथाखेड़ा।** जिले में सूदखोरी के खिलाफ पुलिस की सख्त कार्रवाई के बीच सारनी थाना पुलिस ने एक ऐसे आरोपी को गिरफ्तार किया है, जिसने कर्ज के नाम पर एक ग्रामीण से मूल राशि से कहीं अधिक रकम वसूलने के बावजूद भी उत्पीड़न जारी रखा। पुलिस के अनुसार, ग्राम धाड़गांव (थाना रानीपुर) निवासी परसराम वरकड़े (45) ने शिकायत दर्ज कराई कि उसने वर्ष 2023 से 2025 के बीच आरोपी दीपक कुमार डहारे से ?6,68,400 उधार लिए थे। फरियादी ने समय-समय पर कुल ?10,20,950 चुका दिए, लेकिन इसके बाद भी आरोपी द्वारा



अत्यधिक ब्याज की मांग करते हुए लगातार दबाव बनाया जा रहा था। विरोध करने पर जान से मारने की धमकी दी गई और उसके दो खाली चेक भी अपने पास रख लिए गए। मामले की गंभीरता को देखते हुए थाना सारनी में म.प्र. ऋणियों का संरक्षण अधिनियम 1937, म.प्र. साहूकार अधिनियम तथा बीएनएस की धाराओं के तहत प्रकरण दर्ज किया गया। पुलिस अधीक्षक वीरेन्द्र जैन के निर्देशन में टीम ने त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपी को गिरफ्तार कर लिया और उसके कब्जे से दोनों खाली चेक बरामद किए।

## योजना के प्रमाण पत्र वितरित कर किया बेटियों का सम्मान

**मुलताई। नगर मे राजीव गांधी वार्ड के आंगनवाड़ी केंद्र मे शनिवार को मुख्यमंत्री ला?ली लक्ष्मी योजना के तहत कार्यक्रम का ब्लॉक स्तरीय आयोजन किया गया।**

आंगनवाड़ी केन्द्र में महिला एव बाल विकास परियोजनाप्रभारी अधिकारी गीता मालवीय एवं पार्षद महेन्द्र जैन,नगर विकास प्रस्फुटन समिति अध्यक्ष एवं गायत्री परिवार के नारायण देशमुख,योगाचार्य डॉ रागिनी शिवहरे की उपस्थिति में सरस्वती पुजन कर कार्यक्रम का शुभारम्भ किया गया।इस दौरान नारायण देशमुख ने बालिका



शिक्षा, बालिका भ्रूण हत्या रोकने एवं सभी को कर्तव्य परायणता के साथ कार्य करने विस्तृत मार्गदर्शन दिया।

प्रभारी सीडीपीओ गीता मालवीय ने लाड़ली लक्ष्मी उत्सव मनाने के उद्देश्य एवं लाडली लक्ष्मी योजना एवं बाल विवाह रोकने विस्तृत जानकारी देते हुए बालिका शिक्षा ,सुरक्षा के अधिकार, बेटियों को सशक्त बनाने के लिए दिशा निर्देश दिए एवं कार्यक्रम में उपस्थित बालिकाओं का पुष्प गुच्छ देकर स्वागत कर लाडली लक्ष्मी प्रमाण पत्र का वितरण,के साथ कुर्सी दौड प्रतियोगिता कर बेटियों को प्रोत्साहित किया साथ ही आंगनवाड़ी परिसर में एक पेड बेटी के नाम लगाया गया कार्यक्रम में समस्त पर्यवेक्षक, अभिभावक गण, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता उपस्थित थे।कार्यक्रम समापन गीत नन्ही नन्ही मुस्कानो में छुपा है, भविष्य हमारा लाडली बालिकाओं से , सजेगा देश हमारा आज का उत्सव यही थमता है, मुस्कान के साथकल की उडान भरेगी ये बेटियां, नये आसमान के साथ गीत के साथ कार्यक्रम का समापन किया गया।

## 51 जोड़ों का दहेज मुक्त विवाह, 282 यूनिट रक्तदान

**बैतूल।** विश्व में शांति के लिए व आपसी भाईचारे के लिए संत रामपाल महाराज के सानिध्य में तीन दिवसीय महा-धार्मिक अनुष्ठान सतलोक आश्रम में चल रहा है। आज के युद्ध के समय और अशांत समय में समाज को एकजुट करने और सकारात्मक दिशा देने की पहल भारत से हो रही है। सतलोक आश्रम में इस महा समागम के दौरान लाखों की संख्या में श्रद्धालु पहुंच रहे हैं और विश्व शांति के आह्वान में सहयोग दे रहे हैं। विश्व में शांति व भारत को विश्व गुरु बनाने के उद्देश्य से सतलोक आश्रम बैतूल सहित सभी 13 सतलोक आश्रमों में अखंड पाठ व विशाल भंडारे का आयोजन किया जा रहा है। इस महासमागम में तीनों दिन संत गरीबदास महाराज द्वारा लिखित सदग्रंथ साहिब का अखंड



पाठ किया जा रहा है जिसका प्रारंभ 1 मई को हो चुका है। समागम का दसरे दिन 2 मई विशेष रूप से मानव सेवा और समाज सुधार को समर्पित रहा। आज जब समाज दहेज, स्वार्थ और मानवता से दूर होती सोच जैसी अनेक समस्याओं से जूझ रहा है, ऐसे समय में संत रामपाल महाराज द्वारा चलाया जा रहा दहेज मुक्त भारत अभियान समाज को नई दिशा देने का कार्य कर रहा है। इस अभियान के तहत 51 जोड़ों का दहेज मुक्त विवाह बड़ी ही सादगीपूर्ण तरीके से कराया गया। 2 मई को आयोजित होने वाले विशाल रक्तदान शिविर में बड़ी संख्या में संत रामपाल महाराज के अनुयायियों ने भाग लेकर जरूरतमंदों के जीवन बचाने के इस पुण्य कार्य में अपना योगदान दिया। रक्तदान को महादान कहा जाता है, क्योंकि एक यूनिट रक्त किसी व्यक्ति को नया जीवन दे सकता है।

## अवैध परिवहन में संलिप्त 03 वाहनों को किया जप्त

**बैतूल।** कलेक्टर डॉ. सौरभ संजय सोनवणे के निर्देशानुसार जिले में अवैध खनन परिवहन एवं भंडारण के विरुद्ध विशेष अभियान चलाया जा रहा है। इसी के तहत शनिवार को खनिज विभाग बैतूल द्वारा खनिज अमले के साथ जिले के विभिन्न क्षेत्रों में सघन दौरा कर आकस्मिक निरीक्षण किया गया। खनिज अमले द्वारा गौण खनिजों के अवैध परिवहन में संलिप्त वाहनों पर कार्यवाही करते हुए उन वाहनों को जप्त कर समीपस्थ पुलिस थानों की अभिरक्षा में खड़ा करवाया गया है। उप संचालक खनिज प्रशासन एवं खनि निरीक्षक बैतूल द्वारा खनिज अमले के साथ बैतूल क्षेत्रांतर्गत ग्राम भोगीतेड़ा के पास से खनिज गिट्टी के ओवरलोड परिवहन में संलिप्त 01 वाहन डम्पर कमांक एमपी 09 एचजे 0684 एवं कोसमी अंडर ब्रिज के पास से खनिज बोल्डर के अवैध परिवहन में संलिप्त 01 वाहन डम्पर क्रमांक आरजे 07 जीसी 7839 को जप्त कर पुलिस थाना गंज बैतूल की अभिरक्षा में खड़ा करवाया गया है। वहीं बैतूल क्षेत्रान्तर्गत ग्राम झगड़ि़या के पास से खनिज गिट्टी के अवैध परिवहन में संलिप्त 01 वाहन फॉर्माटेक ट्रेक्टर क्रमांक एमपी 48 जेडबी 9194 को जप्त कर पुलिस थाना कोतवाली बैतूल की अभिरक्षा में खड़ा करवाया गया है। उपरोक्त अवैध परिवहनकर्ताओं के विरूद्ध मध्यप्रदेश खनिज (अवैध खनन, परिवहन तथा भण्डारण का निवारण) नियम 2022 के प्रावधानों के तहत कार्यवाही कर प्रकरणों को न्यायालय अपर कलेक्टर बैतूल में प्रस्तुत किया जा रहा है।

## टिनशेड उड़े, पेड़ गिरे, बिजली व्यवस्था ठप

**बैतूल।** शनिवार शाम को बैतूल में मौसम ने अचानक करवट ली और तेज धूलभरी आंधी ने पूरे शहर को अपनी चपेट में ले लिया। करीब 40 से 50 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से चली तेज हवाओं ने जनजीवन को बुरी तरह प्रभावित किया। आंधी इतनी तेज थी कि कई घरों के टिनशेड उड़कर दूर जा गिरे, जिससे लोगों में अफरा-तफरी का माहौल बन गया। आंधी के चलते शहर के अलग-अलग हिस्सों में पेड़ गिरने की घटनाएं सामने आईं। कई सड़कों पर पेड़ गिर जाने से आवागमन भी प्रभावित हुआ और लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ा। वहीं तेज हवाओं के कारण बिजली व्यवस्था पूरी तरह चरमरा गई और कई इलाकों में घंटों तक बिजली आपूर्ति बंद रही।



धूलभरी आंधी के कारण दृश्यता भी काफी कम हो गई थी। सड़क पर चल रहे लोगों और वाहन चालकों को रास्ता साफ दिखाई नहीं दे रहा था, जिससे दुर्घटना की आशंका भी बनी रही। अचानक बदले मौसम ने लोगों को संभलने का मौका तक नहीं दिया। करीब एक घंटे तक तेज आंधी चलने के बाद मौसम ने फिर करवट बदली और हल्की बूंदाबांदी शुरू हो गई। बारिश की हल्की फुहारों से लोगों को भीषण गर्मी से कुछ राहत जरूर मिली, लेकिन इसके बाद उमस बढ़ने से परेशानी भी महसूस हुई। वहीं इस आंधी का सबसे ज्यादा असर किसानों पर पड़ा है। तेज हवाओं के कारण आम की फसल को भारी नुकसान पहुंचा है, जिससे किसानों की चिंता बढ़ गई है। कई बागानों में कच्चे आम गिर गए, जिससे उत्पादन पर असर पड़ने की संभावना है। प्रशासन हालात पर नजर बनाए हुए है।